Aurangabad, Godda, Gumla, Hazarlbagb, Lohardaga, Navada and Raxaal

भारतीय प्रेस परिषद में उर्दू को प्रतिनिधित्व दिया जाना

2358. **श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ मीम अफ़ज़ल** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय प्रेस परिषद् की नवगठित समिति में इस समय उर्दू को कोई प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या यह भारतीय प्रेस परिषद् के नियमों के विरुद्ध है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) और (ख) जी, हां ।

समाचार-पत्रों के नामों का पंजीयन

2359. **श्री अजीत जोगी** :
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) समाचार पत्रों के पंजीयक द्वारा 31 दिसम्बर, 1991 तक पंजीकृत किये गये समाचारपत्रों के नामों की भाषावार और राज्यवार संख्या कितनी है ;

(ख) क्या यह सच है कि एक समाचार पत्र का नाम पंजीकृत हो जाने के बाद, उसे निर्धारित अवधि के भीतर प्रकाशित करना होता है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि नाम के पंजीयन के वास्तविक प्रयोग के बारे में एक निर्धारित समय सीमा के भीतर सूचना देनी होती है ;

(घ) क्या पंजीयक स्वयं पंजीकृत प्रकाशन के नाम के वास्तविक प्रयोग के संबंध में कोई जांच करते हैं; और

(ङ) क्या यह सच है कि पंजीकृत प्रकाशनों के नामों को निरस्त न किये जाने के कारण, जिनका कि वास्तव में प्रयोग नहीं किया जा रहा है, अनावश्यक भीड़भाड़ होने से नये आवेदक अपने प्रकाशनों के लिये उपयुक्त नामों का चयन नहीं कर पा रहे हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक के कार्यालय के रिकार्ड और इसके द्वारा संकलित सूचना के अनुसार दिनांक 31-12-1990 तक कुल 28,491 पत्र-पत्रिकाओं के नामों का पंजीयन किया गया है । भाषावार और राज्यवार ब्यौरा विवरण में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**।

(ख) संबंधित जिला मजिस्ट्रेट द्वारा घोषणा पत्र को अधिप्रमाणित किये जाने के बाद, उस समाचार पत्र को, जो सप्ताह में एक बार अथवा कभी कभार प्रकाशित होता है, घोषणा-पत्र के अधिप्रमाणन के छः सप्ताह के भीतर और अन्य समाचारपत्र को तीन महीने के अन्तर्गत प्रकाशित करना अपेक्षित है।

(ग) और (घ) जी, नहीं।

(ङ) जी, हां । चूंकि बड़ी संख्या में नाम पहले ही ब्लाक हो गये हैं अतः कुछ मामलों में नये शीर्षकों के चयन में कुछ अधिक समय लग सकता है।